भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 868

उत्तर देने की तारीख- 23.07.2026

ओडिशा के कंधमाल में जनजातियों का विकास

+868. **श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही :**

क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए), प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के अंतर्गत कंधमाल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजनाओं के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान बजट अनुमानों, आबंटित, जारी की गई निधियों और किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है और जनजातीय गांवों, पीवीटीजी बस्तियों, ईएमआरएस, छात्रावासों और उनमें शामिल किए गए लाभार्थियों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, पेयजल, सड़कों, डिजिटल कनेक्टिविटी, आजीविका, कौशल विकास और जनजातीय बुनियादी ढांचे में उक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत और पूर्ण की गई परियोजनाओं का जिला-वार व्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का कंधमाल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र की आकांक्षी जिला स्थिति और महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी को ध्यान में रखते हुए, इसके लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने और नई परियोजनाओं को स्वीकृत करने का विचार है और यदि हां, तो इसका जिला-वार ब्यौरा, वित्तीय परिव्यय और कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गा दास उइके)

(क) : जनजातीय कार्य मंत्रालय (एमओटीए) योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करता है और अनुमोदन प्रदान करता है। तदनुसार, कंधमाल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में डीएजेजीयूए योजना के तहत 870 लाख रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें 820 लाख रुपये की अनुमोदित लागत से स्नानघर और शौचालय सुविधाओं (प्रमुख कार्य घटक) के साथ 19 शयनागार (डॉर्मिटोरी) का निर्माण, 10 लाख रुपये की लागत से आश्रम/जनजातीय क्षेत्र स्कूल में एक शौचालय परिसर का निर्माण और 40 लाख रुपये की लागत से एक छात्रावास की एस्बेस्टस छत को आरसीसी छत में उन्नत करना शामिल है। विवरण निम्न प्रकार हैं:

उपाय	इकाइयां	अनुमोदित निधियां (लाख रुपये में)
स्नान घर और शौचालय के साथ शयनगार (डॉर्मिटोरी) का निर्माण (प्रमुख कार्य घटक)	19	820
आश्रम/जनजातीय क्षेत्र स्कूलों में शौचालय परिसर का निर्माण	1	10

छात्रावास की एस्बेस्टस छतों को आरसीसी छत में उन्नत करना	1	40

इसके अलावा पीएम-जनमन कार्यक्रम के तहत, सभी एमपीसी को कवर किया गया है। इस संबंध में कंधमाल जिले में केकेडीए, बेलघर और गंजाम जिले में टीडीए, तुंबा को कवर किया गया है।

कंधमाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 10 ईएमआरएस को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 02 कार्यात्मक हैं। 3 ईएमआरएस भवन का निर्माण पूरा हो चुका है और 7 निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। स्थिति नीचे है :

क्र.सं.	**राज्य**	**ज़िला**	**ब्लॉक/तालुका**	**गाँव**	कार्यात्मक **की स्थिति**
1	ओडिशा	कंधमाल	बालीगुडा	महासिंघी	कार्यात्मक
2	ओडिशा	कंधमाल	दारिंगबाड़ी	दारिंगबाड़ी	गैर- कार्यात्मक
3	ओडिशा	कंधमाल	जी. उदयगिरि	जी. उदयगिरि	गैर- कार्यात्मक
4	ओडिशा	कंधमाल	कोटागढ़	केशरीगुढ़ा	गैर- कार्यात्मक
5	ओडिशा	कंधमाल	फिरिंगिया	फिरिंगिया	कार्यात्मक
6	ओडिशा	कंधमाल	फूलबनी	फूलबनी	गैर- कार्यात्मक
7	ओडिशा	कंधमाल	रायकिया	रायकिया	गैर- कार्यात्मक
8	ओडिशा	कंधमाल	सारंगढ़	नुआराजघर	गैर- कार्यात्मक
9	ओडिशा	कंधमाल	टीकाबाली	टीकाबाली	गैर- कार्यात्मक
10	ओडिशा	कंधमाल	तुमूदिबंधा	तुटुलुबा	गैर- कार्यात्मक

(ख) : प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान (पीएम-जन) योजना के तहत स्वीकृत 74 बहुउद्देशीय केंद्रों (एमपीसी) के निर्माण के लिए ₹60 लाख प्रति एमपीसी के गणना से 44.44 करोड़ रुपये के बजट अनुमान को मंजूरी दी गई है। इस संबंध में, पिछले तीन वर्षों के दौरान आवंटित, जारी की गई और व्यय की गई निधियों का विवरण **अनुलग्नक - I** में दिया गया है।

कवर किए गए पीवीटीजी बस्तियों और लाभार्थियों की जिला-वार संख्या **अनुलग्नक - II** में दी गई है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान ईएमआरएस, महासिंह और फिरिंगिया के लिए बजट अनुमान, आवंटित, जारी की गई निधियों और व्यय को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक- III** में संलग्न है।

(ग) : ओडिशा राज्य सरकार के लिए 'धरती-आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' (डीएजेजीयूए) के तहत जनजातीय कार्य मंत्रालय के उपाय के लिए मंजूर की गई परियोजनाओं और प्रगति का विवरण **अनुलग्नक- IV** में दिया गया है।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान (पीएम-जनमन) के तहत स्वीकृत और पूर्ण परियोजनाओं का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक -V** में दिया गया है।

(घ) : ओडिशा में कवर करने के लिए कंधमाल जिले सहित 27 जिलों की पहचान की गई है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने पांच वर्ष की अवधि में ओडिशा राज्य सरकार को 87,498 लाख रुपये का बजट आवंटित किया है। इसके सापेक्ष अब तक **40,143.86 लाख रुपये** की राशि की परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं और **19,712.00 लाख रुपये** की राशि जारी की गई है।

डीएजेजीयूए योजना के तहत, राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया जाता है और योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुमोदित किया जाता है। अनुमोदन की गई परियोजनाओं में आश्रम विद्यालयों, छात्रावासों, सरकारी/राज्य जनजातीय आवासीय विद्यालयों के घटक बुनियादी ढांचे में सुधार शामिल है।

अनुलग्नक-1

दिनांक 23.07.2026 के उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 868 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

पीएम जनमन (एमपीसी का निर्माण)				
क्र. सं.	**वित्तीय वर्ष**	**जनजातीय कार्य मंत्रालय से प्राप्त निधियां**	**कार्यान्वयन एजेंसियों को जारी निधियां**	**किया गया व्यय**
1	***2***	***3***	***4***	***5***
1	2023-24	126,819,000	0	
2	2024-25	232,672,122	359,491,122	
3	2025-26	19,242,153	19,242,153	
कुल		**378,733,275**	**378,733,275**	**378,733,275.00**

अनुलग्नक -II

पीवीटीजी लाभार्थियों का विवरण

क्र. सं.	ज़िला	ब्लॉक की संख्या	गाँवों की संख्या	पीवीटीजी बस्तियों की संख्या	पीवीटीजी परिवारों की संख्या	पीवीटीजी जनसंख्या
1	अंगुल	1	42	51	1928	8687
2	देवगढ़	1	41	46	1140	4265
3	ढेंकनाल	8	88	103	3788	14566
4	गजपति	5	140	191	7356	36227
5	गंजम	2	87	131	3198	14248
6	जाजपुर	1	6	13	338	1700
7	कालाहांडी	3	249	284	8418	38603
8	कंधमाल	2	69	107	2859	12498
9	केंदुझार	5	226	287	17872	90537
10	मलकानगिरी	5	97	130	5494	23308
11	मयूरभंज	14	64	67	2890	10023
12	नुआपाड़ा	2	29	39	1291	5062
13	रायगढ़	5	112	257	9935	45419
14	सुंदरगढ़	1	47	53	2098	9371
कुल		**55**	**1297**	**1759**	**68605**	**314514**

अनुलग्नक - III

दिनांक 23.07.2026 के उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 868 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

ईएमआरएस, महासिंघी				**ईएमआरएस, फ़िरिंगिया**		
वित्तीय वर्ष	**बजट**	**आवंटित निधियां**	**किया गया व्यय**	**बजट**	**आवंटित निधियां**	**किया गया व्यय**
2023-24	4,03,10,000	2,83,99,435	2,71,45,646	1,66,85,000	1,42,01,618	1,52,32,917
2024-25	5,82,64,544	2,84,06,800	2,90,55,414	4,91,60,709	1,09,30,000	1,12,87,829
2025-26	5,98,64,995	2,79,28,832	3,45,20,930	2,97,76,813	2,88,71,072	2,19,46,688

अनुलग्नक - IV

दिनांक 23.07.2026 के उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 868 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

वर्ष 2024-25 के लिए

क्र. सं.	ज़िला	उपाय	स्वीकृत इकाइयों की संख्या	अब तक की स्थिति/प्रगति	पूर्ण
1	कंधमाल	छात्रावास की एस्बेस्टस छतों को आरसीसी छत में उन्नत करना	1	नींव स्तर	0
2	कंधमाल	आश्रम / जनजातीय क्षेत्र के स्कूलों में शौचालय परिसर का निर्माण (विभाग द्वारा 10 लाख रुपये तक की लागत से)	1	पूर्ण	1
3	कंधमाल	बाथरूम और शौचालय के साथ शयनगार (डॉर्मिटोरी) का निर्माण (मुख्य कार्य घटक)	10	9-निर्माण जारी	1
4	कंधमाल	स्नान घर और शौचालय के साथ शयनगार (डॉर्मिटोरी) का निर्माण	9	7-निर्माण जारी	2

वर्ष 2025 - 26 के लिए

क्र. सं.	ज़िला	उपाय	स्वीकृत इकाइयों की संख्या
1	कंधमाल	मंडकिया हाई स्कूल, मंडकिया में 4 अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण	4
2	कंधमाल	सरकारी हाई स्कूल, मंडकिया में शौचालय परिसर का निर्माण	1
3	कंधमाल	कनाडी सेवाश्रम में शौचालय परिसर का निर्माण	1
4	कंधमाल	बड़बंगा ए/एस में शौचालय परिसर का निर्माण	1
5	कंधमाल	सरकारी यूपी सेवाश्रम भलीपानी में छात्रावास के लिए शौचालय परिसर का निर्माण	1
6	कंधमाल	सौतिकिया ए/एस में शौचालय परिसर का निर्माण	1
7	कंधमाल	मुनिंगिया आर/एस में शौचालय परिसर का निर्माण	1
8	कंधमाल	सरकारी (एसएसडी) हाई स्कूल, गिस्टिकहोल में लड़कियों के लिए शौचालय परिसर का निर्माण	1

अनुलग्नक – V

कंधमाल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चार जिले अर्थात् (i) कंधमाल, (ii) गंजाम, (iii) बौध और (iv) नयागढ़ शामिल हैं। राज्यों द्वारा एकत्रित किए गए पीवीटीजी सर्वे के डेटा के अनुसार, दो ज़िले हैं। दो जिलों की प्रगति निम्नानुसार है :

ज़िले का नाम		गंजम	कंधमाल
ग्रामीण विकास मंत्रालय (पीएमएवाई-जी)	स्वीकृत मकान	342	1246
	पूर्ण मकान	168	831
ग्रामीण विकास मंत्रालय (पीएमजीएसवाई)	स्वीकृत सड़कें (किमी में)	46.871	9.200
	पूर्ण सड़कें (किमी में)	11	3
जलशक्ति मंत्रालय (एमओजेएस)	स्वीकृत गांवों की संख्या	71	66
	संतृप्त गांवों की संख्या	24	40
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय	स्वीकृत और चालू एमएमयू	1	3
स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग	स्वीकृत छात्रावास (संख्या)	2	8
	पूर्ण (संख्या)	0	0
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या	2	1
	क्रियाशील आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या	2	1
दूरसंचार विभाग	कवरेज के लिए स्वीकृत पीवीटीजी बस्तियों की संख्या	49	39
	कवर की गई पीवीटीजी बस्तियों की संख्या	22	21
विद्युत मंत्रालय	स्वीकृत आवास	176	350
	विद्युतीकृत आवास	176	256
जनजातीय कार्य मंत्रालय	स्वीकृत एमपीसी की संख्या	5	11
	पूरे किए गए एमपीसी की संख्या	4	7
	स्वीकृत वीडीवीके की संख्या	3	6
	व्यवसाय शुरू करने वाले वीडीवीके की संख्या	3	2

*****